# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/12/16 – 44 ,राँची/दिनांकः 05/07/2016

**नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2016** (Nursing Entrance Competitive Examination – 2016) **के आयोजन से संबंधित सूचना**

.................................

स्वास्थ्य निदेशालय, झारखण्ड सरकार के पत्रांक स्वा0नि0/26/स्था0 – 124/2016 – 1382 (26) दिनांक 22.06.2016 के आलोक में सरकारी ए॰एन॰एम॰ ट्रेनिंग सेन्टरों एवं जी॰एन॰एम॰ स्कूलों में क्रमशः ए॰एन॰एम॰ एवं जी॰एन॰एम॰ पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2016–17 में प्रवेश हेतु वैसे चिकित्सकीय उपयुक्त महिला आवेदकों से, जो भारत के नागरिक होने के साथ–साथ झारखण्ड के स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं (संदर्भः कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक 7/आ0नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का॰ – 3198, दिनांक 18.04.2016) और निम्न अहर्त्ता धारित करते हैं, विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

**2.** प्रशिक्षण की अवधिः–

(क) ए॰एन॰एम॰ पाठ्यक्रमः– 2 वर्ष

(ख) जी॰एन॰एम॰ पाठ्यक्रमः– 3 वर्ष

**3.** शैक्षणिक योग्यताः–

[i] 10+2 in Arts (Mathematics, Physics, Chemistry, Biology, Biotechnology, Economics, Political Science, History, Geography, Business Studies, Accountancy, Home Science, Sociology, Psychology, and Philosophy) and English Core/English Elective OR Science OR Health care Science - Vocational stream ONLY passing out from recognized Board (with 40% marks for G.N.M. Course).

[ii] 10+2 Arts or Science examination conducted by National Institute of Open School (for both the courses).

[iii] 10+2 vocational ANM under CBSE Board or other equivalent board from the school and recognized by Indian Nursing Council with 40% marks for G.N.M. Course only.

[iv] Registered as ANM with State Nursing Registration Council for G.N.M. Course only.

**4.** आयु सीमाः– नामांकन के समय परीक्षा वर्ष के 31 दिसम्बर को न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष।

**5.** आवेदन पत्र की उपलब्धताः– परीक्षार्थी वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Downloads कॉलम से आवदेन पत्र का प्रपत्र डाउनलोड कर आवेदन कर सकते हैं। **आवेदन पत्र के उक्त प्रारूप से भिन्न कोई भी अन्य प्रारूप स्वीकार्य नहीं होगा। आवेदन पत्र काले स्याही से स्पष्ट रूप में भरें।**

**6.** फोटोग्राफः– आवेदन पत्र में निर्धारित जगह एवं दी गई घेरे के अन्दर ही हाल का खिंचाया हुआ रंगीन फोटोग्राफ जिसमें नाम एवं फोटो खिंचवाने की तिथि दर्ज हो, चिपकायें तथा चेहरे के साथ–साथ दोनों कान

स्पष्ट दिखाई देने चाहिए। फोटोग्राफ संपादित (Edited) नहीं होना चाहिए, अन्यथा आवेदन पत्र रद्द कर दिया जायेगा।

**7.** परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा की तिथिः– परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा केन्द्र की सूचना प्रवेश पत्र (Admit Card) के माध्यम से दी जाएगी।

**8.** परीक्षा शुल्कः– सामान्य/पिछड़ी जाति – I/पिछड़ी जाति – II कोटि के अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ ₹ 1,100/– एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कोटि के अभ्यर्थियों को ₹ 550/– परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा, जो अप्रतिदेय (Non refundable) होगा।

परीक्षा शुल्क जमा करने का तरीकाः–

(क) डिमान्ड ड्राफ्ट (Demand Draft):– वांछित राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट, जो "Controller of Examination, JCECEB" के पदनाम से तथा Ranchi में भुगतेय हो, **या**

(ख) बैंक चालान (Bank Challan):– चालान (Challan) की प्रति आवेदन पत्र के साथ उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध है। चालान के माध्यम से परीक्षा शुल्क, यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया के किसी भी शाखा में या किसी अन्य बैंक से यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया के खाते में जमा किया जा सकेगा।

डाउनलोड किये गये आवेदन पत्र के साथ वांछित राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट (मूल रूप में) {डिमान्ड ड्राफ्ट के पिछले पृष्ठ पर अपना नाम एवं पता अवश्य दर्ज करें} **या** बैंक चालान की पर्षद प्रति (Board's Copy) संलग्न कर झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची–834010 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं। **आवेदन पत्र पर्षद कार्यालय में पहुँचने की अंतिम तिथि दिनांक 26.07.2016 तक है।** प्रेषित किये जाने वाले लिफाफे के उपर मोटे अक्षर में "Nursing Entrance Competitive Examination - 2016" अवश्य लिखें।

**9.** परीक्षा का स्तर एवं प्रकारः– प्रतियोगिता परीक्षा वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रकार एवं 100 अंकों की होगी। अंग्रेजी इण्टरमीडिएट स्तरीय 25 अंकों की तथा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान मैट्रिक स्तरीय, प्रत्येक 25 अंकों की होगी। सभी विषयों (अंग्रेजी को छोड़कर) के प्रश्न पत्र अंग्रेजी एवं हिन्दी में उपलब्ध रहेंगे।

**10.** मेधा सूचीः– मेधा सूची का निर्माण विभिन्न विषयों में प्राप्तांक के आधार पर किया जाएगा। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी। यह भी स्थिति समान होने पर उनके नाम के प्रथम अंग्रेजी अक्षरों के वर्णात्मक क्रम के अनुसार प्राथमिकता दी जाएगी।

**11.** आरक्षणः– राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा। अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची – 1) तथा पिछड़ा वर्ग (अनुसूची – 2) के अभ्यर्थियों को का0प्र0सु0 तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक 7/जाति–19–11/2008 का॰–10007 दिनांक 29.08.2012 के आलोक में "क्रीमी लेयर" अवधारणा के समावेश संबंधित प्रपत्र में ही जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसका प्रपत्र पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Downloads कॉलम पर देखा जा सकता है। अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची – 1) तथा पिछड़ा वर्ग (अनुसूची – 2) के अभ्यर्थी जो क्रीमी लेयर के अन्तर्गत नहीं आते

हैं, उन्हें ही आरक्षण का लाभ देय होगा। विकलांगों के लिए निर्धारित आरक्षित सीट, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा निर्धारित विवरणी के अनुसार ही देय होगा।

**12.** अन्य आवश्यक सूचनाएँः–

- ए॰एन॰एम॰ एवं जी॰एन॰एम॰ पाठ्यक्रमों की संस्थानवार/कोटिवार सीटों की विस्तृत विवरणी पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Downloads कॉलम में देखा जा सकता है।
- अभ्यर्थियों को शैक्षणिक एवं अन्य अहर्ताओं के आलोक में साक्षात्कार के समय ए॰एन॰एम॰ एवं जी॰एन॰एम॰ दोनों पाठ्यक्रमों में से एक पाठ्यक्रम का चयन करने का विकल्प दिया जायेगा।
- साक्षात्कार एवं सीटों की संस्थानवार/कोटिवार विवरणी संबंधी अद्यतन सूचनाओं के लिए पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के सम्पर्क में बने रहें।
- प्रेस में मुद्रण अथवा टाइपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।

ह0/–
**डॉ॰ प्रदीप कुमार,** भा॰प्र॰से॰
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/12/16 – 375 ,राँची/दिनांकः 05/07/2016

प्रतिलिपिः–

1. **विज्ञापन प्रबंधक,** प्रभात खबर/हिन्दुस्तान/हिन्दुस्तान टाइम्स/दैनिक जागरण/दैनिक भास्कर/राँची एक्सप्रेस/सन्मार्ग/आजाद सिपाही, राँची को दिनांक 06/07/2016 के दैनिक समाचार पत्रों में डी॰ए॰भी॰पी॰ दर पर छापने हेतु प्रेषित। विज्ञापन झारखण्ड के सभी संस्करणों में दी जाय।
2. **अपर मुख्य सचिव,** स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार,
3. **निदेशक प्रमुख**, स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वास्थ्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची – को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5/7/2016

**परीक्षा नियंत्रक**